बोले विधायक- शिक्षा ही युवाओं का सबसे बड़ा हथियार

नवीन शिक्षण सत्र में छात्र-छात्राओं का हुआ स्वागत, पुस्तकें व साइकिल प्रदान की

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 1 अप्रैल। स्कूल चलें हम अभियान के तहत जिलेभर में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किए गए। जिला मुख्यालय स्थित सांदीपनि शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल क्रमांक 2 में विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य एवं जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया के विशिष्ट आतिथ्य में जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुई जिसके बाद छात्र- छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें एवं साइकिल वितरण कर शिक्षा के नए सत्र की शुभ शुरुआत कराई गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल से राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव के शुभारंभ का सीधा प्रसारण भी देखा एवं सुना गया। इस दौरान कलेक्टर किरोड़ीलाल मीणा, जिला पंचायत सीईओ वीर सिंह चौहानसहित अन्य अधिकारीए जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विधायक ने उपस्थित छात्रों को संबोधित कर कहा कि प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान केवल भिण्ड जिले तक सीमित नहीं बल्कि पूरे मध्यप्रदेश में धूमधाम से चलाया जा रहा है। शिक्षा राष्ट्र की आधारशिला है, बच्चे स्कूल पहुंचेंगे, तभी देश सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनेगा। इसी उद्देश्य से सरकार ने यह पहल शुरू की है।

विधायक ने कहा हमारी सरकार ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन आए हैं। नई शिक्षा नीति से बच्चों को आधुनिकए रोजगारोन्मुखी और उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हुआ है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए मध्यान्ह भोजनए नि:शुल्क साइकिल वितरण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने उपस्थित छात्रों व अभिभावकों से अपील की कि शिक्षा ही युवाओं का सबसे बड़ा हथियार है। शिक्षित युवा ही देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा छात्रों को साइकिलए पुस्तकें एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई।

स्कूल सपनों को पंख लगाने का माध्यम: कामना सिंह

जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नया शैक्षणिक सत्र उनके लिए नई कहानी लिखने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने विशेष रूप से छात्रों को प्रोत्साहित किया कि स्कूल सपनों को पंख लगाने का माध्यम है। उन्होंने जोर देकर कहा स्कूल केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि ओवरऑल डेवलपमेंट और पर्सनेलिटी ग्रूमिंग का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने नर्सरी से 12वीं तक के सफर को याद दिलाते हुए बताया कि ये वर्ष जीवन के मूल्यवान पल होते हैं। इस दौरान बने दोस्त- मित्र ही जीवन की दिशा दिखाते हैं। वे सिखाते हैं कि सपने कैसे पूरे किए जाएं और जीवन कैसे जिया जाए। इसलिए आप सब भी एक- दूसरे के लिए शिक्षक और गुरु हैं। आपसी सहयोग से ही सफलता मिलेगी।

अब तक पूर्व सैनिक हरिदास दैपुरिया की पत्नी के हत्यारे गिरफ्तार नहीं

पूर्व सैनिक संगठनों की चेतावनी, 15 को भोपाल में डीजीपी ऑफिस का करेंगे घेराव

भिंड। जिले के अटेर विधान सभा कल्याणपुरा में पिछले साल 15 अप्रैल 2025 हुई डकैती में पूर्व सैनिक हरिदास देपुरिया की पत्नी की जघन्य तरीके से हत्या कर दी गई। भिंड पुलिस एक साल बाद भी खाली हाथ है या सबूतों को खत्म करने के लिए जानबूझकर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। यह बात पूर्व सैनिक संगठनों के शीर्ष नेतृत्व ने आज ग्वालियर कंपू स्थिति आईजी कार्यालय पर आईजी साहब की अनुपस्थित में उप पुलिस अधीक्षक अरविंद गोस्वामी को आईजी चंबल के नाम सौंपे ज्ञापन में कही गई है।

पूर्व सैनिक कल्याण संघटन के जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर राम अवतार सिंह परमार ने बताया कि इससे ज्यादा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि हत्या डकैती के केसों को पुलिस नजर अंदाज कर रही है। भिंड जिले में सैनिकों पर अत्याचार बढ़ गए हैं। पूर्व सैनिक संघ के भिंड जिला अध्यक्ष राकेश सिंह कुशवाह को थाना प्रभारी द्वारा पीटा गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है। आज सभी वरिष्ठ जन आए हैं और सख्त चेतावनी दे रहे हैं कि अगर कार्यवाही नहीं हुई तो भोपाल डीजीपी ऑफिस का 15 अप्रैल को घेराव किया जाएगा। इस अवसर पर पीड़ित वयोवृद्ध हरिदास देपुरिया के अलावा भाजपा के वरिष्ठ पार्षद और पूर्व सैनिक बलबीर सिंह तोमर, चंद्रवीर सिंह चौहान अध्यक्ष जाबांज सैनिक संघटन ग्वालियर, अरुण शर्मा अध्यक्ष इंडियन वेटर्न ऑर्गनाइजेशन उपनगर ग्वालियर, सूबेदार सतेंद्र सिंह भदौरिया, अनूप शर्मा, ओंकार सिंह भदौरिया, सूबेदार जितेंद्र सिंह तोमर, रविन्द्र सिंह तोमर, रामलखन राठौर, जंग बहादुर सिंह भदौरिया, वेद प्रकाश तोमर, वीरेंद्र सिंह भदौरिया, प्रदीप सिंह राजावत, फेरन सिंह राजावत, राजेश सिंह राजावत, बलराम सिंह भदौरिया, सुरेंद्र सागर शर्मा, सूबेदार राधा चरण शर्मा, राधावल्लभ शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

शिक्षा से संवरेगा बच्चों का भविष्य : शुक्ला

मेहगांव के पीएमश्री शास . गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल में प्रवेशोत्सव

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 1 अप्रैल। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने मेहगांव के पीएमश्री शासकीय गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल में स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन तथा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी आरडी मित्तल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

नवकरणीय ऊर्जा मंत्री ने छात्र छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तके, साईकिल एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरण कर शिक्षा के नए सत्र की शुभ शुरुआत कराई। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। मंत्री शुक्ला ने उपस्थित विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रवेशोत्सव अभियान सिर्फ मेहगांव में ही नहीं बल्कि पूरे मध्यप्रदेश में मनाया जा रहा है। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि आज से हमारे प्यारे बच्चे- बच्चियां स्कूल जाने की शुरुआत करेंगे। राज्य सरकार ने प्रवेशोत्सव के माध्यम से बच्चों को स्कूल पहुंचने के लिए नि:शुल्क साइकिल और पढ़ाई के लिए पुस्तकों की व्यवस्था की है।

मंत्री ने बच्चों से विशेष अपील की कि आप प्रतिदिन स्कूल जरूर आएं। शिक्षा ही आपका भविष्य संवारेगी। उन्होंने अभिभावकों को भी आश्वस्त किया कि सरकार शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए कृत संकल्पित है। इसलिए बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। उन्होंने कहा सरकार की सारी सुविधाएं तभी सफल होंगी, जब बच्चे मन लगाकर पढ़ाई कर काबिल बनेंगे।

स्वास्थ्य केंद्र में नवीन ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का शुभारंभ

भिंड। मेहगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवीन ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का शुभारंभ नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने किया। इस अवसर पर एसडीएम मेहगांव नवनीत शर्मा, सीबीएमओ डॉ अनिल शर्मा, एसडीओपी मेहगांव सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री ने उपस्थित जनों को संबोधित कर कहा कि आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहगांव में नवीन ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का शुभारंभ हुआ है, यह यूनिट मेहगांव वासियों के लिए वरदान साबित होगी। अब यहां ब्लड को सुरक्षित रूप से स्टोर किया जा सकेगा जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को तत्काल रक्त उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकता है। इस नई यूनिट से ब्लड स्टोरेज की सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो जाएगी। इससे आपातकाल में मरीजों को जिला अस्पताल जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

उन्होंने बताया कि यूनिट में आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं जो ब्लड को लंबे समय तक सुरक्षित रख सकेंगे। इससे दुर्घटना या बीमारी में त्वरित उपचार संभव होगा। इस यूनिट में ब्लड स्टोरेज क्षमता होगी जो मध्यप्रदेश सरकार की स्वास्थ्य क्रांति का हिस्सा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वैच्छिक रक्तदान में बढ़.चढ़कर भाग लें ताकि किसी जरूरत मंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सके।

मेहगांव में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला ने कलश यात्रा में की शिरकत

नवभारत न्यूज

मेहगांव, 1 अप्रैल। मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के त्यागी बाग पचैरा रोड, दैपुरिया कॉलेज के पास श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हो गया। आज बुधवार को कलश यात्रा के साथ कथा की शुरुआत हुई, जिसमें मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नवकरणीय ऊर्जा विभाग राकेश शुक्ला विशेष रूप से शामिल हुए। भक्तिमय माहौल में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में भाग लेकर उत्साह का प्रदर्शन किया।

यह धार्मिक आयोजन 2 अप्रैल से प्रारंभ होकर 9 अप्रैल को कथा समापन एवं विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगा। कथा वाचक भागवत-रत्न अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त आचार्य पं. श्री विमलकृष्ण पाठक जी महाराज के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा सुनाई जाएगी, जो आध्यात्मिक ज्ञान और भक्ति का अनमोल प्रकाश बिखेरेंगी कथा के मुख्य यजमान परीक्षित श्रीमती अनचाई राकेश त्यागी वार्ड नं 12मेहगांव स्थानीय लोगों का कहना है कि यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक जागरण लाएगा तथा सामाजिक एकता को मजबूत करेगा कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला ने कलश यात्रा का नेतृत्व करते हुए कहा, 'श्रीमद् भागवत कथा हमारी सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग है। ऐसे आयोजनों से समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना होती है।' उन्होंने आयोजकों को शुभकामनाएं दीं तथा स्थानीय विकास के लिए भी आश्वासन दिया।

यात्रा में महिलाएं, युवा और बच्चे कलश सिर पर धारण कर नाच-गान करते हुए निकले। ढोल-नगाड़ों की थाप पर भक्ति भजनों की गूंज से पूरा इलाका गूंज उठा कलश यात्रा में मुख्यरूप से पूर्व मंत्री ध्यानेंद्र सिंह मामा रामदास जी महाराज हरिओम दास महाराज भूमिया सरकार लोकेंद्र दास जी महाराज शामिल हुए भजन संध्या में वृद्धावन की बहिन रिया बृजवासी ने कथा मंच से सुंदर भजन कीर्तन किया भजन सुन श्रद्धालु भाव विभोर हुए।

हैल्थ इंश्योरेंस बीमा में मेहनत एवं लगन से काम किया, अब जाएंगे विदेश

मालनपुर, 1 अप्रैल। नगर परिषद में एक साधारण रूप से जीवन जीने वाले बृजभूषण सिंह कुशवाह ने अपनी मेहनत और लगन से साइकिल से लेकर विदेश यात्रा तक का सफर कैसे तय किया उनकी कहानी एक प्रेरणादायक है उन्होंने अपने कार्य की शुरुआत से पहले एक एक्सीडेंट के कारण एक पैर खराब हो गया लेकिन उन्होंने विश्वास भरोसा और लगन से मेहनत कर पहले भारतीय जीवन बीमा निगम में एक अभिकर्ता के रूप में कार्य किया जिसे उन्होंने पिछले वर्ष एम डी आर टी अमेरिका क्वालीफाई कर सम्मान एवं गौरव प्राप्त किया और इस वर्ष हेल्थ बीमा में उन्होंने विदेश यात्रा क्वालीफाई कर अपने देश जिला नगर और मालनपुर क्षेत्र का नाम रोशन किया है ,जिससे मालनपुर उद्योग क्षेत्र प्रबंधकों द्वारा उनको बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है.

जनगणना के लिए प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 1 अप्रैल। भारत की जनगणना- 2027 का प्रथम चरण यथा मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 से 30 मई तक किया जाना है। इस हेतु भोपाल से प्रशिक्षण प्राप्त जिले से नामित मास्टर ट्रेनर रविकांत सिंह एवं जनगणना कार्य निदेशालय मप्र भोपाल से भानुप्रताप सिंह (जिला जनगणना प्रभारी) द्वारा जनगणना 2027 से सम्बंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण प्रात: 10.30 बजे से सांय 6 बजे तक आयोजित किया गया।

उक्त प्रशिक्षण में जनगणना- 2027 से संबंधित 3 दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में एप के उपयोग एवं डाटा सुरक्षाए प्रगणकों द्वारा परिवारों से सम्पर्क करने की विधि इनकार, संवेदनशील स्थितियों और शिष्टाचार प्रोटोकॉल, प्रश्न पूछने की विधि को संभालना, जनगणना अवधारणाओं, परिभाषाओं, प्रश्नों और मोबाइल एप्स पर फील्ड प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण वितरण अभ्यास, डेटा संग्रह के लिये प्रगणक और उत्तरदाता के बीच स्थिति आधारित भूमिका निभायें तथा नमूना ले आउट मानचित्र तैयार करने, डेटा संग्रह और पास के निवास स्थान में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक की भूमिका का अनुभव करने के लिये नगर निगम भिण्ड के वार्ड क्रमांक 45 (नवीनवार्ड) चतुर्वेदी नगर में फील्ड ट्रेनर्स द्वारा फील्ड विजिट किया गया। तत्पश्चात प्रशिक्षण स्थल पर वापिसी के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रथम चरण हेतु जिले के लिये आयोजित 3 दिवसीय प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ।

उक्त प्रशिक्षण में समस्त नगरीय चार्ज के लिये फील्ड ट्रेनर्स (भिण्ड ग्रामीण सहित) प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

मालनपुर में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित

मालनपुर, 1 अप्रैल। शासकीय उच्चतर विद्यालय मालनपुर में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया विद्यालय के प्राचार्य पी एस कुशवाह के मार्गदर्शन में विद्यालय को भव्य तरीके से सजाया गया और नवप्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर और पुष्प बरसा कर प्रवेश कराया, इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रायश्री मुकेश किरार अध्यक्ष नगर परिषद मालनपुर, विशिष्ट अथिति थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सोनी, रेहान अली सीएमओ नगर परिषद मालनपुर, श्रीमती बीना जैन पार्षद वार्ड क्रमांक 14, रॉकी जैन वरिष्ठ समाजसेवी आदि अतिथियों ने मां सरस्वती की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की द्य इस अवसर पर थाना प्रभारी ने छात्रों को ऑनलाइन दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूक किया और कहा सभी छात्र मन लगाकर पढ़ाई करें और घर ,परिवार, विद्यालय, प्रदेश व देश का नाम रोशन करें मैं यही कामना करता हूं। कार्यक्रम के बाद अतिथियों ने विद्यालय प्राचार्य व शिक्षकों के साथ छात्रों को पाठ्य पुस्तकें और साइकिलें वितरण की। अंत में विद्यालय की शिक्षक श्रीमती दीपा भदौरिया सभी का आभार व्यक्त किया और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर जड़ेल सिंह नरवरिया ,कृष्णवीर सिंह भदोरिया ,डी एस तोमर आदि समस्त शिक्षक एवं पालक गण मौजूद रहे।

पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

मालनपुर, 1 अप्रैल। 2 अप्रैल 2018 को हुए भारत बंद की वर्षगाँठ पर, विशेषकर 8 वर्ष पूर्ण होने और हनुमान जयंती पर कस्बे में शांति व्यवस्था स्थापित करने मालनपुर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला और नगर वासियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने के अपील की। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सोनी ने बताया कि पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर अफवाहों को रोकने के लिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है किसी ने भी किसी जाति समुदाय और धर्म को लेकर सामाजिक सद्भावना बिगड़ने वाली पोस्ट की तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी, उन्होंने लोगों से किसी भी भ्रामक खबर पर विश्वास न करने की अपील करती है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद पोरसा जिला मुरैना (म.प्र.)

NIT No. 375/UADD/2026/PORSA/E-TENDERING **पोरसा, दिनांक 31/03/2026**

ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना (तृतीय आमंत्रण)

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि इस निकाय द्वारा अधोलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक ठेकेदार आईटम दर के आधार पर नीचे दर्शित तालिका अनुसार कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा दिनांक 15/04/2026 सायं 05:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य का नाम	ऑनलाइन टेण्डर आई.डी	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	कार्य की समयावधि
01.	निकाय क्षेत्र के विभिन्न प्रकार के नालों की सफाई का कार्य, नालों को खोलना एवं बंद करना एवं नाले में से निकले मलवे को परिवहन कर ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर डालने का कार्य।	2026_UAD_482839_3	25.00 लाख	25000/-	5000/-	60 दिवस

शर्तें:-

1. निविदा प्रपत्र एवं दर ऑफर ऑनलाइन निविदा प्रकाशन से दिनांक 15/04/2026 को सायं 05:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है।
2. प्राप्त निविदायें मेंडेटरी बिड एवं टेक्नीकल बिड दिनांक 16/04/2026 को सांय 17:30 बजे के बाद खोली जावेगी।
3. निविदाकार को समस्त दस्तावेज ऑनलाईन ही प्रस्तुत करने होंगे। फिजीकल डॉक्यूमेंट इस कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किये जावेंगे।
4. उपरोक्त निविदा का प्रकाशन नगरीय प्रशासन की वेबसाइट www.mpurban.gov.in पर अवलोकन कर सकते है।
5. निविदा में किया गया कोई भी संशोधन उक्त वेबसाइट पर किया जावेगा। पृथक से कोई भी प्रकाशन नहीं किया जावेगा। अत: सम्बंधित जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जावे, निविदा से सम्बंधित अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में सम्बंधित शाखा में देखी जा सकती है उपरोक्त निविदा सूचना विभाग की वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पोरसा